आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 18.01.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की, चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाने पर दिया जोर।
- प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत किये जा रहे सभी कार्यों में गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं।
- उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिये विभिन्न स्थानों पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।
- संसद का बजट सत्र इस महीने की 31 तारीख से शुरू होगा।

वीडियो कांफ्रेंसिंग

राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ आगामी नगरीय निकाय चुनाव 2024–25 की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाने पर विशेष जोर दिया। आयुक्त ने बताया कि सभी जिलों में बैलेट पेपर पहुंचा दिए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर सभी जरूरी सुविधाओं और सुरक्षा के इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री कुमार ने बताया कि पोलिंग पार्टियों और वाहनों की व्यवस्था के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। संवेदनशील और अति–संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात रहेगा। समीक्षा के दौरान मतदान समाप्ति के बाद पोलिंग पार्टियों के सुरक्षित घर वापसी के लिए यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

पुलिस महानिदेशक

राज्य में होने वाले राष्ट्रीय खेल और निकाय चुनाव की तैयारियों को देखते हुए पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने हरिद्वार में नगर निकाय चुनाव व राष्ट्रीय खेलों को सकुशल संपन्न कराने के लिए अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना को परखते हुए उसमें सुधार के आवश्यक निर्देश भी दिए। पुलिस महानिदेशक ने अधिकारियों और कर्मचारियों को जनता को नये कानून के बारे में अधिक से अधिक जागरुक करने को भी कहा।

जल जीवन मिशन–समीक्षा

पेयजल सचिव शैलेश बगोली ने देहरादून में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जल निगम और जल संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि मिशन के सभी कार्यों की गुणवत्ता को प्राथमिकता दी जाए। गुणवत्ता की जांच लैब टेस्टिंग के माध्यम से सुनिश्चित करने और क्षेत्रीय स्तर पर क्वालिटी टेस्ट कराने की जिम्मेदारी विभाग के कार्यकारी अभियंता को सौंपी गई है। श्री बगोली ने जल जीवन मिशन के कार्यों का जिलावार और डिवीजन स्तर पर अनुश्रवण करने के निर्देश दिये। साथ ही पांच करोड़ से अधिक की लागत वाले कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा जल जीवन मिशन के प्रबंध निदेशक को करने के निर्देश दिये।

स्वास्थ्य मंत्री

पौड़ी जिला चिकित्सालय में सभी व्यवस्थाएं चाक–चौबंद कर दी गई है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि पीपीपी मोड़ से हटने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग के पास आते ही जिला अस्पताल में प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों, डॉक्टरों, नर्सिंग अधिकारियों, पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती कर दी गई है। इससे अस्पताल में सभी चिकित्सकीय सुविधाएं सुचारू हो गई है। इसके अतिरिक्त, आवश्यकता अनुसार रोटेशन के आधार पर चिकित्सकों की तैनाती भी की गई है ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें तत्काल चिकित्सकीय सुविधा मुहैया की जा सके।

संचार

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि भारत दूर–संचार और डिजिटल क्षेत्रों में विश्व का अग्रणी देश बन गया है। उन्होंने कल नई दिल्ली में डिजिटल भारत निधि पोषित 4जी मोबाईल साइट्स पर संचार साथी मोबाईल ऐप, राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन 2.0 और इंट्रा सर्किल रोमिंग का शुभारंभ किया। श्री सिधिया ने दूर–संचार की क्रांतिकारी शक्ति पर बल देते हुए कहा कि यह क्षेत्र अब देश के विकास को संचालित करने वाला क्षेत्र बन गया है। संचार साथी पोर्टल की सहायता से चोरी हुए 25 लाख फोन में से अब तक 15 लाख का पता लगा लिया गया है। उन्होंने कहा कि यूपीआई के जरिए देश में पिछले वर्ष लगभग 247 लाख करोड रूपये के करीब 172 अरब लेनदेन हुए हैं।

अवैध खनन–जांच के आदेश

चमोली जिले के घूनी गांव में सोपस्टोन खनन क्षेत्र में अनियमितताओं की शिकायत पर जांच के आदेश दिए गये हैं। गौरतलब है कि जिला प्रशासन को एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें खनन से जुड़े पर्यावरणीय और सुरक्षा मुद्दे उठाए गए थे। शिकायतकर्ता द्वारा कहा गया था कि खनन से पैदल रास्ते क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और शोर के कारण विद्यालय के बच्चों की पढ़ाई में व्यवधान हो रहा है। इस पर, 15 जनवरी को राजस्व और खनिकर्म विभाग की संयुक्त टीम ने खनन क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में खनन क्षेत्र में कई खामियां पाई गईं। इसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी सविन बंसल ने खनन कार्यों पर 10 दिन की रोक लगाते हुए खामियों को सुधारने के निर्देश दिए। इस अवधि में केवल पूर्व में निकाले गए खनिज का परिवहन और विक्रय हो सकेगा।

राष्ट्रीय खेल तैयारियां

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार में अधिकारियों के साथ 38वें राष्ट्रीय खेल की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आयोजन स्थल, परिवहन रूट, सौंदर्यीकरण, और पार्किंग व्यवस्था को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को खेलों के दौरान मेडिकल टीम की तैनाती सुनिश्चित करने और टीमों के ठहराव वाले स्थानों पर चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराने को भी कहा गया।

उधर, उत्तरकाशी जिले में 38वें राष्ट्रीय खेल की प्रचार रैली को जिलाधिकारी डा. मेहरबान सिंह बिष्ट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान वह स्वयं राष्ट्रीय खेल की मशाल तेजस्विनी थामकर रैली में शामिल हुए।

इस बीच, हरिद्वार में जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने 38वें राष्ट्रीय खेलों के प्रचार के लिए मौली शुभंकर के साथ तीन प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाई। ये रथ जिले के प्रमुख स्थानों और स्कूलों में जाकर राष्ट्रीय खेलों के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों का आयोजन प्रदेश के लिए गर्व की बात है और इससे जुड़ने के लिए जनसामान्य को प्रेरित किया जाना चाहिए।

तैयारियां जांची

उधर, प्रदेश समाज कल्याण सचिव व ऊधम सिंह नगर जिले के राष्ट्रीय खेल के नोडल अधिकारी नीरज खैरवाल ने स्पोर्ट्स स्टेडियम व 46वीं बटालियन पीएसी में ट्रैप शूटिंग प्रतियोगिता स्थल का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने बहुउद्देशीय हॉल में बालीवाल व हैंडबाल तथा वैलोड्रोम में साइक्लिंग की सभी व्यवस्थाएं 25 जनवरी तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुझाव दिया कि सभी कार्यों के लिये प्रतिदिन की कार्ययोजना बनाकर उन्हे पूरा किया जाए।

संसद बजट सत्र

संसद का बजट सत्र इस महीने की 31 तारीख से शुरू होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 31 जनवरी को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। केन्द्रीय बजट पहली फरवरी को पेश किया जाएगा। बजट का पहला हिस्सा 31 जनवरी से 13 फरवरी तक पेश किया जाएगा और दूसरा भाग 10 मार्च से 4 अप्रैल तक पेश किया जाएगा।

संकल्प पत्र

ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर नगर निकाय चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने कल अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि भाजपा रुद्रपुर को स्वच्छ और कूड़ा मुक्त शहर बनाएगी। उन्होंने कहा कि पार्किंग का निर्माण कर जाम की समस्या से निजात दिलाना पहली प्राथमिकता होगी। संकल्प पत्र में नगर निगम क्षेत्र में सड़कों के चौड़ीकरण, भू स्वामित्व का अधिकार देना, हर वार्ड में सार्वजनिक पार्क और ओपन जिम की स्थापना करना और स्मार्ट सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को शामिल किया गया है।

चुनाव प्रशिक्षण

नैनीताल जिले के हल्द्वानी में नगर निकाय चुनाव के तहत राजकीय मेडिकल कॉलेज में 228 मतदान टोलियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रत्येक मतदान टोली में एक पीठासीन अधिकारी व तीन मतदान कार्मिक शामिल किए गए। प्रशिक्षण में कुल 912 मतदान कार्मिकों ने प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी प्रशिक्षण एच. बी.चंद ने मतदान टोलियों को उनके दायित्वों की जानकारी दी।

मुकदमा दर्ज

हरिद्वार जिले के थाना बहादराबाद क्षेत्र के गांव बढ़ेडी राजपुतान में विजिलेंस की टीम ने छापामारी कर 9 घरों में बिजली चोरी का मामला पकड़ा है। विद्युत कॉरपोरेशन के अवर अभियंता योगेंद्र सिंह रावत ने सभी गृह स्वामियों के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर———

भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो–2025 की खबर सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। अमर उजाला लिखता है– ऑटो उद्योग का भविष्य भारत से, 4 साल में आया 3 लाख करोड़ का विदेशी निवेश। इसी खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने प्रधामनमंत्री मोदी के हवाले से लिखा है–वाहन क्षेत्र का भविष्य भारत में।

समान नागरिक संहिता की एक खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र अपने पहले पृष्ठ पर लिखता है– यूसीसी नियमावली का मसौदा विधायी को भेजा, 20 जनवरी को बुलाई जा सकती है कैबिनेट बैठक, 26 जनवरी से यूसीसी लागू करने की तैयारी।

उत्तराखंड सरकार ने आइसलैंड की एक कंपनी के साथ प्रदेश में भूतापीया ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए एमओयू किया है। दैनिक जागरण के अनुसार प्रदेश के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में इसके लिए 40 स्थल चिन्हित किए गए हैं।

पौड़ी, श्रीनगर हेली सेवा को दी मंजूरी– इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है दून से दोनों शहरों के लिए उड़ान भरेंगे हेलीकॉप्टर। समाचार पत्र के अनुसार एचपीसी की बैठक में ये प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और दो दिन पौड़ी तथा दो दिन श्रीनगर के लिए सप्ताह में हेलीकॉप्टर से उड़ान भरी जा सकेगी।